अमर उजाला
75
महोत्सव विश्वास का

6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण

राजधानी
वर्ष 16 । अंक 144 । पृष्ठ : 14+6=20 मूल्य : सात रुपये

अमर उजाला

लखनऊ
मंगलवार, 21 नवंबर 2023
कार्तिक शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2080

amarujala.com सुप्रीम चिंता छात्रों की खुदकुशी के पीछे अभिभावकों का दबाव, कोचिंग का नियमन संभव नहीं...12 उत्तर प्रदेश

डॉ. राजेंद्र प्रसाद को ओरेशन अवॉर्ड

लखनऊ। नेशनल टीबी टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन डॉ. राजेंद्र प्रसाद को रॉबर्ट कोच ओरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह अवार्ड ट्यूबरक्लोसिस के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए दिया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद एरा विश्वविद्यालय में निदेशक चिकित्सा शिक्षा और नेशनल एडेकमी आफ मेडिकल साइंस से भी जुड़े हैं। उन्हें यह सम्मान मिलने से एरा यूनिवर्सिटी के डाक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ में खुशी की लहर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से वर्ष 2022 में प्रकाशित विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में उनका नाम है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद 60 से अधिक पुरस्कार पा चुके हैं, जिनमें डॉ. बीसी रॉय, नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन, इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी और ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)